फा.सं.डी-21021/01/2019-एनएमआरएफ
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र

दिनांक: 09 सितंबर, 2021

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- हिंदी पखवाड़ा, 2021 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ।

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यालय में 14 सितंबर से 30 सितंबर, 2021 के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। पखवाड़े के दौरान स्थाई कार्मिकों के लिए 4 प्रतियोगिताएं, सभी हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए 2 प्रतियोगिताएं, बहुकार्य कर्मचारियों के लिए 1 प्रतियोगिता एवं सभी परियोजना/अनुबंध आधार कार्यरत कार्मिकों एवं जे.आर.एफ. के लिए 2 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन निम्न प्रकार किया जाएगा-

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	पात्रता	विषय	तिथि व समय
1.	उद्घाटन समारोह एवं हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिता	सभी स्थाई अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए	स्वरचित कविता को प्राथमिकता दी जाएगी।	14.09.2021 प्रात: 11 बजे
2.	वाद-विवाद प्रतियोगिता	सभी परियोजना/अनुबंध आधार पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों एवं जेआरएफ के लिए	कृषि कानून बिल किसानों के पक्ष में अथवा सरकार के पक्ष में	15.09.2021 प्रात: 11 बजे
3.	हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए अलग - अलग)	सभी स्थाई अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए	प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा।	17.09.2021 प्रात: 11 बजे
4.	हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता	केवल स्थाई बहुकार्य कर्मचारियों के लिए	प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा	20.09.2021 प्रात: 11 बजे
5.	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता	सभी स्थाई अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए	क. भारतीय राजनीति में जातिवाद ख. मीडिया और सामाजिक उत्तरदायित्व ग. राष्ट्र निर्माण में ,युवाओं का योगदान (उपरोक्त किसी एक विषय पर कम से कम 1000 शब्दों में निबंध लिखना)	22.09.2021 प्रात: 11 बजे
6.	अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए अलग - अलग)	सभी स्थाई अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए	प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा	24.09.2021 प्रात: 11 बजे
7.	हिन्दी टाइपिंग	सभी परियोजना/अनुबंध आधार पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों एवं जेआरएफ के लिए	प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा	28.09.2021 प्रात: 11 बजे
8.	पुरस्कार वितरण व समापन समारोह	--	-	30.09.2021

2. इन सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जांएगे जो क्रमश: 1500, 1000, 750, 500+500रु. के होंगे। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि हर प्रतिभागी को अधिकतम दो प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, अर्थात विजेता प्रतिभागियों का दो से अधिक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ स्थान होने पर भी वरीयता क्रम में उनसे नीचे के प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा । इससे उन प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिन्हें कोई पुरस्कार नहीं मिला है। विजेताओं को पुरस्कार देने के अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कार्मिकों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे ।

लगातार पृ.सं...2

3. 14 सितंबर 2021 से 28 सितंबर 2021 तक भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के उपरांत दिनांक 30 सितंबर 2021 को प्रात: 11.30 बजे समापन-समारोह आयोजित किया जाएगा । समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा विजेता प्रतिभागियों द्वारा जीते गए पुरस्कारों की राशि उनके बैंक खातों में आरटीजीएस द्वारा भिजवाई जाएगी। यह समारोह वरिष्ठ अधिकारियों की सुविधानुसार पुनर्निर्धारित भी किया जा सकता है जिसकी सूचना ई-मेल द्वारा भेज दी जायेगी।

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लें ।

यह ज्ञापन प्रमुख महोदय की सहमति से जारी किया जा रहा है ।

मनोज गुप्ता

(मनोज गुप्ता)
निदेशक (प्रशा./स्था.), रा.म.अ.मौ.पू.कें

सेवा में,

कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी।

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ:-</u>

1. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II भवन, 'ए' विंग, तीसरा तल, जय सिंह रोड़, नई दिल्ली - 110001
2. वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, संसदीय राजभाषा समिति, गृह मंत्रालय, 11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011
3. संयुक्त निदेशक (रा.भा), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
4. प्रमुख महोदय के निजी सहायक
5. कंप्यूटर प्रभारी (कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध के साथ)
6. गार्ड फाइल/नोटिस बोर्ड